CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:30 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

मेरी क्रिसमस-2025



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 168 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 25 दिसंबर 2025

अक्षय कुमार ने दिया फैंस को...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### नए साल में पड़ेगी महंगाई की मार

नई दिल्ली। नए साल में एक जनवरी से जम्मू-कश्मीर में यात्री वाहनों में सफर महंगा हो जाएगा। प्रदेश सरकार ने 18 फीसदी तक किराये में बढ़ोतरी की है। इससे यात्रियों को अंतर जिला रूटों पर 11 से 72 रुपये तक ज्यादा देने पड़ेंगे। जम्मू शहर में तीन किलोमीटर पर नौ रुपये तक किराया देना होगा। ऑल जम्मू-कश्मीर ट्रैफिक वेल्फेयर एसोसिएशन और वित्तीय विभाग के अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद यात्री किराये में बढ़ोतरी पर सहमति बनी है। वर्ष 2021 में सरकार ने 19 फीसदी यात्री किराये में बढ़ोतरी की थी। अब पांच साल बाद 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे जम्मू से कटड़ा तक बस किराये में 11 रुपये, कठुआ तक 23, जम्मू से कटड़ा तक 11, कठुआ तक 23 और श्रीनगर तक 72 रुपये ज्यादा देने पड़ सकते हैं।

### ओडिशा में 1.1 करोड़ के इनामी गणेश उइके समेत छह नक्सली ढेर

ओडिशा। कंधमाल जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी नेता गणेश उइके समेत छह नक्सली मारे गए। राज्य में नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि, यह मुठभेड़ चक्कापाद पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले घने जंगलों में हुई। मारा गया गणेश उइके (69 वर्ष) सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और ओडिशा में इस प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था, जिस पर प्रशासन ने 1.1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। मूल रूप से तेलंगाना के नलगोंडा जिले का रहने वाला उइके, पक्का हनुमंतु और राजेश तिवारी जैसे कई नामों से भी जाना जाता था। पुलिस ने बताया कि इस सफल ऑपरेशन में गणेश उइके के अलावा पांच अन्य नक्सली भी मारे गए हैं, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। फिलहाल अन्य नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है।

## क्रिसमस की खुशियों से सजे गिरजाघर रोशनी से जगमगाए, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली के रेस्तरां, कैफे और क्लबों में भी खास तैयारियां देखने को मिल रहीं। कनॉट प्लेस, हौज खास, साकेत, ग्रेटर कैलाश, वसंत कुंज और साउथ दिल्ली के अन्य इलाकों में स्थित कैफे और क्लबों को क्रिसमस थीम पर सजाया गया। क्रिसमस के मौके पर गिरजाघरों में प्रार्थना सभाओं का सिलसिला शुरू हो चुका है। जीपीओ चर्च में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिनमें दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों से आए पर्यटक भी शामिल हैं। यहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहीं, लोधी रोड स्थित चर्च में



सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। परिवार के साथ पहुंचे लोग मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना करते नजर आए। क्रिसमस को लेकर चर्चों के बाहर छोटे-छोटे बाजार भी सज गए हैं। यहां सांता क्लॉज की टोपी, क्रिसमस ट्री, सितारे, मोमबत्तियां और सजावट का अन्य सामान खरीदा जा रहा है। बच्चे खास तौर पर सांता क्लॉज की पोशाक पहनकर बेहद उत्साहित दिख रहे हैं। कई चर्चों में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जहां उन्हें उपहार भी बांटे गए। दिल्ली में क्रिसमस अब सिर्फ ईसाई समुदाय तक सीमित नहीं रह गया है। बड़ी संख्या में हिंदू, सिख और मुस्लिम परिवार भी चर्च पहुंचकर इस पर्व की खुशियों में शामिल हो रहे हैं। ईसाई समुदाय से जुड़े एके पॉल ने बताया कि क्रिसमस प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देता है, इसलिए वे हर साल इस दिन चर्च आते हैं। वहीं, लोगों ने बताया कि क्रिसमस दिल्ली में नहीं देश और दुनिया में भी मनाया जा रहा है। क्रिसमस के मौके पर प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चर्चों के आसपास पुलिस बल तैनात है और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। क्रिसमस से एक दिन पहले दिल्ली का माहौल रोशनी, प्रार्थना और खुशियों से सराबोर नजर आ रहा है। क्रिसमस को लेकर खासा उत्साह है। ऐसे में जगह-जगह हुए खास आयोजनों से राजधानी गुलजार है। वहीं, इस बार क्रिसमस में दिल्लीवासियों को राजधानी में ही लंदन के फेस्टिव अंदाज का अनुभव मिल रहा है।

प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

# अंकिता हत्याकांडः वीआईपी के नाम को लेकर फिर उबाल

देहरादून
हमारे संवाददाता

अंकिता हत्याकांड से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से ही वीआईपी के नाम को लेकर लोगों में उबाल बना हुआ है। भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर ने अभिनेत्री उर्मिला सनावर और कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। सीबीआई जांच और वीआईपी का नाम उजागर करने की मांग को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। सभी जगह पर प्रदर्शन किया और पुतला फूंककर विरोध जताया।

कर्णप्रयाग में कांग्रेस कार्यकताओं ने जूलूस निकालकर मुख्य बाजार में पूर्व सांसद का पुतला दहन किया। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने कहा कि जिस प्रकार से वीडियो में वीआईपी की बात कही जा रही है। सरकार को पूरे मामले की सीबीआई जांच कर जल्द आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए। वहीं, रुद्रप्रयाग में मुख्य बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में जोरदार



प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने हत्याकांड में पूर्व सांसद की गिरफ्तारी की मांग करते हुए निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मामले में शामिल वीआईपी को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी ने कहा कि अंकिता पहाड़ की बेटी थी, जिसके साथ निर्मम हत्या की गई। श्रीनगर के गोला पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता का पुतला दहन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड एक सुनियोजित आपराधिक मामला है। कहा कि वीआईपी के नाम पर अब राष्ट्रीय नेता का चेहरा सामने आना शर्मनाक है। ... संबंधित खबर पेज 4 पर

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पीएम मोदी, गैलरियों का अवलोकन करने के बाद मंच पर पहुंचे

लखनऊ
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर पहुंचते ही बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद वंदे मातरम गीत गाया गया। पीएम मोदी के साथ ही मंच पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई नेता मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने बंगाल विभाजन के दर्द को उकेरने वाले घटनाक्रम को गैलरी में जाकर देखा। इस गैलरी में बंगाल विभाजन के दौरान हुई घटनाओं को चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। इसके बाद पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की गैलरी का अवलोकन किया। इन गैलरियों में इनके जीवन से जुड़ी प्रमुख घटनाओं को तस्वीरों के जरिये दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने भाजपा व जनसंघ के गलियारे का अवलोकन किया। इस गलियारे में जनसंघ और भाजपा की पूरी यात्रा को तस्वीरों के माध्यम से दिखाया गया है। इसके बाद पीएम मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी गैलरी का भ्रमण किया। इस गैलरी में डॉ. मुखर्जी के जीवन से जुड़े हुए विभिन्न चित्र और प्रतीक चिह्न रखे गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ स्थित बसंत कुंज योजना पहुंच चुके हैं। यहां पहुंचने पर उन्होंने राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर लगी प्रतिमाओं का अवलोकन किया।



## ट्रांजिट कैंप में दो पक्षों में मारपीट, बीच बचाव करने वाले को पीटा, तमंचे लहराए

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसी बीच गोरक्षा दल से जुड़ा पड़ोसी युवक का भाई बीच बचाव को गया तो एक पक्ष ने उस पर हमला कर दिया। साथ ही तमंचे लहराए। इससे भड़के गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रांजिट कैंप थाने में पहुंच आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा काटा। पुलिस के कार्रवाई का आश्वासन देने पर मामला शांत हुआ। पुलिस के मुताबिक फुलसुंगा नई बस्ती ट्रांजिट कैंप निवासी एक महिला और पड़ोसियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान दूसरे पक्ष ने बाहर के कुछ युवकों को फोन कर बुला लिया। मौके पर चार-पांच बाईक पर कई युवक पहुंच गए। उन्होंने उससे और उसके परिजनों से मारपीट की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हुए। इस पर मोहल्ले में ही रहने वाले गोरक्षा दल से जुड़े आदी का छोटा भाई बीच बचाव करने लगा। आरोप है कि इस पर हमलावरों ने उससे भी मारपीट कर दी। बाद में हमलावर तमंचा लहराकर फरार हो गए। इससे भड़के गोरक्षा दल के विराट के नेतृत्व में तमाम लोग ट्रांजिट कैंप थाने पहुंचे। उन्होंने हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की। जिस पर निरीक्षक ट्रांजिट कैंप मोहन पांडे ने मामले की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। निरीक्षक ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट में बीच बचाव करने पर युवक से मारपीट की गई थी। तहरीर मिल गई है, जांच की जा रही है।आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## आठ साल बाद फिर गैंगवार, गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया हरिद्वार

हरिद्वार
हमारे संवाददाता

आठ साल बाद बुधवार को लक्सर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात विनय त्यागी पर गैंगवार में चली गोलियों की गूंज ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। फ्लाईओवर पर खुलेआम शूटरों ने पुलिस वाहन में पेशी पर ले जाए जा रहे विनय त्यागी पर अंधाधुंध गोलियां दाग दीं। इस वारदात ने जिले के उस काले इतिहास को भी ताजा कर दिया, जब गैंगवार में कई जानें चली गईं।

बुधवार को हुई वारदात ने यह साफ कर दिया है कि संगठित अपराध भले ही लंबे समय तक शांत दिखे, लेकिन उसकी जड़ें पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं। जैसे ही मौका मिलता है, गैंगवार फिर सिर उठा लेती है। साल 2017 के 20 नवंबर को उत्तराखंड पुलिस के बर्खास्त सिपाही से कुख्यात



गैंगस्टर सुनील राठी के शॉर्प शूटर बने देवपाल राणा को रुड़की में अदालत परिसर के भीतर ही तीन शूटरों ने गोलियों से छलनी कर दिया था। राणा परिसर में बैंच पर बैठकर अपनी पेशी का इंतजार कर रहा था। गोली लगने से सहारनपुर के एक अधिवक्ता और भाजपा नेता भी घायल हुए थे। शूटरों को परिसर में ही भीड़ ने पकड़कर जमकर पीटा था। इससे पहले वर्ष 2014 में पांच अगस्त को रुड़की जेल से रिहा होकर बाहर निकल रहे कुख्यात चीनू पंडित जेल के गेट पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी गई थी। गैंगवार में चीनू तो बच गया था, लेकिन उसके तीन साथी मारे गए थे। उसके बड़े भाई समेत छह लोग घायल हुए थे। बाद में खुलासा हुआ था अदावत के चलते सुनील राठी गैंग ने हमला कराया था। वहीं 12 सितंबर 2011 को रुड़की जेल के डिप्टी जेलर रहे नरेंद्र खंपा की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। सामने आया था कि कुख्यात सुनील राठी ने अपने गुर्गों से इस वारदात को अंजाम दिलाया था। क्राइम एक्सपर्ट्स की मानें तो जिले में गैंगवार भले ही कुछ वर्षों तक शांत रही हो, लेकिन इसके पीछे का नेटवर्क कभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। पुराने गैंगस्टरों के शागिर्द, रिश्तेदार और सहयोगी अब नए नामों और नए तरीकों से सक्रिय हो रहे हैं। जमीन, वसूली, वर्चस्व और बदले की आग आज भी वही है, बस चेहरे बदल गए हैं। सूत्रों के अनुसार, ताजा फायरिंग की घटना भी पुराने विवादों और आपसी रंजिश से जुड़ी मानी जा रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो कुख्यात बदमाश विनय त्यागी पर करीब 59 मुकदमे दर्ज हैं। उत्तर प्रदेश में उसका गिरोह पंजीकृत है।

# पुलिस की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

## पुलिस कप्तान का विंटर कार्निवल, क्रिसमस, थर्टीफ स्ट व न्यू ईयर पर विशेष फोकस

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिले के पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बुधवार को पुलिस लाईन में अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को विंटर कार्निवल, क्रिसमस, थर्टीफर्स्ट तथा नववर्ष-2026 की व्यवस्थाओं पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की बम डिस्पोजल, डॉग स्क्वाड टीम तथा इंटेलिजेंस टीमें प्रभावी चेकिंग करें।



बैठक में पुलिस कप्तान ने अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिसके बाद विंटर कार्निवल, क्रिसमस, पर्यटन सीजन तथा थर्टीफ स्ट और नव वर्ष पर व्यवस्थाओं पर ध्यान देने व यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी प्रभावी डाइवर्जनए स्टॉपेज प्वाइंट, पार्किंग एरिया पर फोकस करें। सभी थाना प्रभारियों ने संवेदनशील प्वाइंटों पर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए साथ ही निरीक्षक स्थानीय अभिसूचना इकाई को अपनी टीम को भी संबंधित क्षेत्रों में अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिए। कहा कि विंटर कार्निवल में चर्चित सेलिब्रिटियों के कार्यक्रमों के दौरान व्यापक सुरक्षा प्रबंध हो। उन्होंने एसपी नैनीताल को सभी पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आयोजन स्थलों को भली भांति चेक करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर आयोजन समिति को पर्याप्त मात्रा में प्राइवेट सुरक्षा लगाने के लिए वार्ता करने के निर्देश दिए। क्राउड कंट्रोल के लिए मंच के तीनों ओर पर्याप्त मात्रा में डबल बैरीकेडिंग करनेए लेयरवाइज सुरक्षा लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समय से क्रिसमसए थर्टीफस्ट व नव वर्ष के सकुशल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने थाना प्रभारी को ड्यूटी में लगाए जाने वाले समस्त पुलिस बल के लिए खाने और प्रवास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीओ को प्रभावी कार्ययोजना बनाकर ड्यूटी लगाने व चैकिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही बम डिस्पोजलए डॉग स्क्वाड टीमों को सभी कार्यक्रम स्थलोंए सार्वजनिक स्थानों में प्रभावी चेकिंग करने के निर्देश दिए। फायर यूनिट्स को भी अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने पर्यटकों और आगंतुकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसएसपी ने बेहतर पुलिसिंग करने वाले 31 पुलिस कर्मियों को सममानित किया। बैठक में एसपी अपराध यातायात डॉ जगदीश चन्द्रा, एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल समेत एसडीएम नैनीताल नवाजिश खलीक, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल व मुखय अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार उपस्थित रहे।

# अटल स्मृति शताब्दी वर्ष पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

अटल स्मृति शताब्दी वर्ष के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिसकी शुरुआत गत दिवस दीप प्रज्वलन के साथ कर दी गई है। कार्यक्रम के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने बताया कि अटल स्मृति शताब्दी वर्ष पर देश पर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



जिसके तहत प्रदर्शनी का आयोजन नगर निगम और नगर पालिकाओं में किया जाएगा तथा प्रत्येक विधानसभा में कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। जिन बुजुर्गों ने अटल बिहारी वाजपेई जी के साथ कार्य किया है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जगह-जगह कवि सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा साथ ही विभिन्न स्थानों पर अटल स्मृति पार्क, अटल स्मृति चौराहा और अटल स्मृति वन की स्थापना भी की जाएगी। महिला मोर्चा की ओर से रंगोली और दीपमालाएं कार्यक्रम भी होंगे। चुघ ने कहा 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें भारतीय जनता पार्टी के तमाम आला नेता प्रतिभाग करेंगे। चुघ ने कहा की जनसंघ की स्थापना से लेकर भाजपा को शिखर तक पहुंचने में अटल बिहारी वाजपेई जी का योगदान कोई भी कार्यकर्ता भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेई एनडीए सरकार के पहले प्रधानमंत्री बने और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान भारत देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी। जिसे आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अटल स्मृति शताब्दी वर्ष में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# फांसी गधेरे के पास पुलिसकर्मी के वाहन ने तीन मजदूरों को टक्कर मारी, घायल

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल के फांसी गधेरे पर गुरुवार एक पुलिसकर्मी के वाहन ने तीन मजदूरों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत तल्लीताल थाने को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनमें से एक व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

इस दौरान सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि फांसी गधेरे क्षेत्र में सड़क हादसे की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल भेजा गया। हादसा करने वाला वाहन चालक एक पुलिसकर्मी है, जो घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घायलों में बिहारी लाल (55 वर्ष), निवासी हरिनगर, तल्लीताल को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं पप्पू और राजेश उर्फ राजू का उपचार बीडी पांडे अस्पताल में चल रहा है। सीओ सेमवाल ने बताया कि मामले में आवश्यक जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



## NEWS / फटाफट

### हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार को दी 4 हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल** । उत्तराखंड में सहायक वन संरक्षक पद पर कार्यरत 8 अधिकारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उनकी रेंज ऑफिसर के रूप में की गई सेवा को आईएफ़ एस में पदोन्नति हेतु जोड़े जाने की मांग की है । हाईकोर्ट ने इस संबंध में राज्य व केंद्र सरकारों से 4 हप्ते में जवाब देने को कहा है।
याचिकाकर्ता प्रदीप कुमार व अन्य ने आईएफ़एस सेवा नियमावली 1966 का हवाला देते हुए कहा है कि इस नियमावली में राज्य वन सेवा का अधिकारियों की आईएफ़एस के पद पर होने वाली डीपीसी में स्टेट वन सेवा को जोडने का प्रावधान है । इस वर्ष राज्य में आई एफ़ एस के 30 पद रिक्त होने हैं जिनके लिये डीपीसी होनी है इसलिये उनकी राज्य वन सेवा में की गई सर्विस को आईएफ़ एस में पदोन्नति के लिये जोड़ा जाए । बुधवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई।

### ई रामास्वामी पेरियार के चित्र पर मलायार्पण कर श्रद्धांजलि दी



**हल्द्वानी**। ई रामास्वामी के परिनिर्वाण पर भीम आर्मी कार्यालय में ई रामास्वामी पेरियार के चित्र पर मलायार्पण कर श्रद्धांजलि दी, उनके जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि पेरियार रामास्वामी उनका पूरा नाम (ई.वी. रामासामी नायकर) तमिलनाडु के एक महान समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ और द्रविड़ आंदोलन के जनक थे, जिन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और धार्मिक पाखंड का कड़ा विरोध किया।

### भाजपा नेता कमलेश जोशी का आकस्मिक निधन



**हल्द्वानी**। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, समाजसेवी और सांसद अजय भट्ट के स्वास्थ्य प्रतिनिधि कमलेश कुमारद्धजोशी जी का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हों गया। आज 25 दिसंबर की सुबह अचानक से उनके हृदय की गति रुकने से निधन हो गया। उनकी पत्नी गीता जोशी भी भाजपा से जुडी है और महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रहीं है। उनके निधन से भाजपा कार्यकर्ताओ में शोक की लहर छा गयीं। उनके निधन पर सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज बिष्ट,प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, रंजन बर्गली, विधायक बंशीधर भगत, भाजपा नेता प्रदीप बिष्ट, प्रताप रेकवाल, कंचन उप्रेती, अलका जीना,पूर्व पार्षद विनोद दानी, नेत्रबल्लभ जोशी सहित अनेको कार्यकर्ताओ और रामलीला कमेटी मुखानी व कई समाजसेवी संस्थाओं ने शोक प्रकट किया है।

### विधायक ने उपरतोला में ग्रामीणों के साथ किया संवाद

**पिथौरागढ़**। विधायक मयूख महर ने अधिकारियों के साथ मटेला-उपरतोला सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने जन संवाद के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विधायक ने ठेकेदार को समय पर सड़क का कार्य गुणवत्ता से करने को कहा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में हाईस्कूल का उच्चीकरण, गैस वाहन, आंगनबाड़ी केंद्र, पेयजल योजना, पानी गूल, राशन और आधार कार्ड बनने में हो रही समस्याओं के बारे में बताया। विधायक ने एसडीएम मंजीत सिंह को गांव में शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने भल्या से मटियाल तक मार्ग बनाने की मांग रखी। इस पर विधायक ने निधि से कार्य करने और क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन को ठीक करने के लिए भी धन आवंटित किया। एसडीएम ने जल्द गांव में कैंप लगाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान अधिशासी अभियंता विवेक प्रताप, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर, संतोष गोस्वामी, भुवन पांडे, रोहित कोहली, सर्वजीत, गौरव महर, गंगा दत्त कापड़ी, जीवन कोहली, राकेश सौन, अक्षय कुंवर, कमलेश कसनियाल, सचिन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हाईकोर्ट ने किए सीबीआई, केंद्र व राज्य सरकारों को नोटिस जारी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी वन प्रभाग से 7 हजार से अधिक पिलरों के गायब होने और इसमें वनाधिकारियों की संदिग्ध भूमिका की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सीबीआई तथा केंद्र सरकार और राज्य सरकार को नोटिस जारी किए और जवाब पेश करने को कहा है । मामले की अगली सुनवाई अब तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की।

मामले के अनुससार नरेश चौधरी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि मंसूरी वन प्रभाग ने वन प्रभाग की सीमा को दर्शाने के लिए कई हाजर पीलर लगाए गए थे लेकिन लगाए गए पिलरों में से लगभग 7375 पीलर गायब हो गये। यह वनाधिकारियों व राजनीतिक लोगों और भूमि माफियाओं के गठजोड़ के चलते हुआ हुए हैं। अब गायब पिलरों की जगह पर अतिक्रमण हो गया है जिसकी

पुष्टि वन विभाग की रिपोर्ट से भी हुई है जिसमें पता चला है कि इनमें से अधिकांश मसूरी और रायपुर रेंज से गायब हुए हैं। याचिका में बताया गया कि इससे वन क्षेत्र को नुकसान हुआ है। जनहित याचिका में कोर्ट से उनके द्वारा प्रार्थना की है कि इसकी जाँच कराई जाय।

दोषियों के खिलाफ विभागीय व दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। जनहित याचिका में आगे यह भी कहा है कि शिकायत करने के बाद भी वनाधिकारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता की ओर से इसे दोषियों को बचाने की साज़िश का आरोप लगाया गया। अंत में खंडपीठ ने इस मामले को गंभीर मानते हुए सीबीआई, केन्द्र सरकार और उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी कर दिए।

## तहसील प्रशासन ने स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण तोड़े

**बागेश्वर**। अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। न्यायालय के आदेशानुसार अतिक्रमण को चिह्नित करने और हटाने का अभियान चल रहा है। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने नायल धपोला में बने दो अतिक्रमण ढहाए। तोड़े गए अतिक्रमण में एक स्थायी और एक अस्थायी था।

तहसीलदार रितु गोस्वामी ने बताया कि चौंरा-भैरूचौबट्टा मोटर मार्ग पर अतिक्रमण को चिह्नित किया गया था। अतिक्रमण करने वाले को उसे हटाने के लिए नोटिस भी दिया गया था। इसके बावजूद उसने अतिक्रमण नहीं हटाया। बुधवार को कानूनगो सुंदर सिंह परिहार, राजस्व उपनिरीक्षक पंकज सिंह मर्तोलिया जेसीबी लेकर बलपूर्वक अतिक्रमण तुड़वाने के लिए टीम मौके पर गई। विभाग की टीम को देखकर ग्रामीण ने स्वयं अतिक्रमण तोड़ना शुरू कर दिया। राजस्व उपनिरीक्षक मर्तोलिया ने बताया कि ग्रामीण सूरज कार्की ने नायल धपोला में सड़क किनारे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर ढाबा और दुकान बनाई थी। उन्होंने दो पक्की दुकान की दर भी बनाई थी।

# 40 लाख कीमती स्टील,एल्युमिनियम का स्क्रैप मैटेरियल चोरी का मामला प्रकाश में आया

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

बागवाला ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्य स्थल से करीब चालीस लाख कीमत का स्टील और एल्युमिनियम का स्क्रैप मैटेरियल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है।

इस गंभीर प्रकरण में पुलिस ने धोखाधड़ी और चोरी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विकास प्राधिकरण द्वारा अनुबंध के तहत मेसर्स अभिलाषा इंटरप्राइजेज को निर्माण कार्य कराया जा रहा था। कंपनी के एचआर शिवमनी कुमार ने बताया कि ठेकेदार शंकर आयरन स्टील ट्रेडर्स और उनके साथियों ने निर्माण स्थल पर लगे सरकारी वेट ब्रिज (वजन मापने वाले कांटे में छड़छाड़की। इस छेड़छाड़ के जरिए लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का स्टील और एल्युमिनियम मैटेरियल चोरी कर लिया गया। शिवमनी कुमार ने बताया कि चोरी के दौरान आठ गाड़ी स्टील और चार गाड़ी एल्युमिनियम मैटेरियल ले जाया गया। एक गाड़ी वाहन संख्या यूपी-13डीटी 7889 पकड़ी गई, लेकिन ड्राइवर भाग गया।वाहन को कंपनी ने अपने कब्जे में ले लिया है। कंपनी का दावा है कि इस घोटाले में ठेकेदार और उसके कर्मचारी सीधे शामिल हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि वेट ब्रिज पर वजन करने पर भारी अंतर (2-5 से 3 टन तक का वैरिएशन) पाया गया, जिससे चोरी की पुष्टि होती है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस मामले ने निर्माण कार्य की निगरानी, सरकारी परियोजनाओं में पारदर्शिता और ठेकेदारों की जवाबदेही को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

# अभिमत

## सहयोग नहीं, कर्तव्य

*जन प्रतिनिधि अपने निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति से भली-भांति परिचित हैं। गांवों का भ्रमण करके लोगों से जानकारी लेकर संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा के उपाय वन विभाग के माध्यम से करायें। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुए कार्य में खामी होने की गुंजाइश नहीं रहेगी। सोलर लाइट और सुरक्षा के उपाय होने से वन्यजीवों के हमले की आशंका कम होने के साथ ही वन से पेड़ काटने वाले माफिया और वन्यजीव का शिकार करने वाले तस्करों पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा।*

उत्तराखंड में इस वर्ष वन्यजीवों के हमले में सबसे अधिक लोग जान गवां चुके हैं। एक सप्ताह में दो से तीन लोग वन्यजीवों के हमले में मारे गये। वन्यजीव और मानव संघर्ष का मामला संसद तक पहुंच गया। अब राज्य के वन मंत्री ने सांसदों और विधायकों से संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के उपाय करने के लिए वन विभाग का सहयोग करने को कहा है। वन विभाग को सांसद और विधायक निधि से सोलर लाइट, ग्रास बुश कटर तथा उन्नत प्रौद्योगिकी के उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। अपने क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा करना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। सांसद और विधायक वन्यजीव के हमले में मारे गये लोगों के परिवार वालों को सांत्वना देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वन्यजीवों की आक्रामकता से सुरक्षा के प्रबंध को और पुख्ता किया जायेगा। घायलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार उठायेगी। वन विभाग के अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। वन्यजीवों के भय से पर्वतीय क्षेत्र के अनेक बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। वन्यजीवों द्वारा कई लोगों को हमला करने के बाद वन विभाग ने पिंजड़ा लगाकर गुलदार और बाघ पकड़े हैं। पर्वतीय क्षेत्र और जंगलों के निकटवर्ती इलाके में वन्यजीव और मानव संघर्ष नया नहीं है। पर्वतीय गांवों के लोग पशुओं के लिए चारा लेने जंगल में जाते हैं। घास काटते अथवा पेड़ पर चढ़कर पत्ते काटने पर वन्यजीव के हमला करने का भय हमेशा बना रहता है। ग्रामीण स्वयं सतर्कता बरतते हैं, लेकिन जंगल में छिपे वन्यजीव अचानक हमला कर देते हैं। वन विभाग ने कुछ जगह सोलर लाइट लगाई हैं। बजट की कमी से सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर लाइट नहीं हैं। जन प्रतिनिधि अपने निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति से भली-भांति परिचित हैं। गांवों का भ्रमण करके लोगों से जानकारी लेकर संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा के उपाय वन विभाग के माध्यम से करायें। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुए कार्य में खामी होने की गुंजाइश नहीं रहेगी। सोलर लाइट और सुरक्षा के उपाय होने से वन्यजीवों के हमले की आशंका कम होने के साथ ही वन से पेड़ काटने वाले माफिया और वन्यजीव का शिकार करने वाले तस्करों पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा। वन्यजीव और मानव संघर्ष के मामले में विशेषज्ञों ने मंथन किया तो मानव को ही जिम्मेदार ठहराया है। जंगल वन्यजीवों का घर हैं। मानव ने अतिक्रमण करके वन्यजीवों के स्वच्छंद विचरण में हस्तक्षेप किया है। वन्यजीव प्रतिक्रिया के रूप में हमले कर रहे हैं, इस दृष्टिकोण से ही सुरक्षा के उपाय पर विचार की जरूरत हैं।

# धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश, दो को दिल्ली से दबोचा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड एसटीएफ के साईबर थाना कुमाऊं परिक्षेत्र रूद्रपुर पुलिस टीम ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपा कोला की डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर 23.55 लाख रुपये की साईबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर व पेशेवर अपराधियो को दिल्ली के विजय बिहार थाना क्षेत्र रोहिणी से गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधी बिहार के निवासी हैं।साईबर अपराधियों ने कैंपा कोला कंपनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर कंपनी का फर्जी अधिकारी बन रजिस्ट्रेशन और सिक्योरिटी फीस आदि के नाम पर 23,55,451 रुपये की साईबर धोखाधड़ी की। गिरफ्तार अपराधी बिहार राज्य से बडी संख्या में रोजगार के नाम पर सीधे सीधे लोगो को दिल्ली बुलाकर उनके नामो पर विभिन्न बैंकों में सैलरी के नाम पर खाता खुलवाकर साईबर ठगी को अंजाम दे रहे थे। उनके पास से बडी मात्रा मे विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन,सिम कार्ड, बैंक खाते, पासबुक,एटीएम, आधार कार्ड,पैन कार्ड आदि सामान बरामद किया है। एसएसपी एसटीएफ



नवनीत सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद ऊधमसिहनगर निवासी एक व्यकि ने माह नम्वबर 2025 में साईबर थाना कुमाँ? परिक्षेत्र रूद्रपुर में अभियोग पंजीकृत कराया। पीडति ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने गूगल पर डिस्ट्रीब्यूटरशिप खोजने के दौरान साईबर ठगों ने रिलायंस का फर्जी अधिकारी बनकर डीलरशिप दिलाने के नाम पर रजिस्ट्रेशन, सिक्योरिटी फीस के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की।साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमांयू ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आईपीएस अधिकारी सहायक पुलिस अधीक्षक कुश मिश्रा के पर्यवेक्षण में निरीक्षक / विवेचक शरद चौधरी, साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन के नेतृत्व में टीम बना कर खुलासा करने के निर्देश दिए। सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करने पर गिरफ्तार अपराधियों ने बैंक आफ बडौदा एटीएम से निकाला जाना स्पष्ट हुआ। इसके बाद लाभार्थी बैंक खाताधारकों तथा मोबाईल नम्बरों पर तकनीकी व मैनुअली रूप से सत्यापन किया गया और प्रकाश में आये अपराधी राम कुमार पुत्र राजेन्द्र महतो निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना अकबरपुर जिला नवादा बिहार, शुभम कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी गोरईया वीघा थाना कतवीश सराय जिला नालन्दा बिहार को विजय विहार थाना क्षेत्र रोहिणी दिल्ली से दबोचा। घटना में प्रयुक्त एसएमएस अलर्ट मोबाईल नम्बर,मोबाईल डिवाईस व अन्य साईबर धोखाधडी में प्रयोग में लाये जा रहे विभिन्न कंपनियों के 8 अदद मोबाईल फोन मय सिम कार्ड, 27 विभिन्न बैंको की पासबुक, 18 विभिन्न बैंको की चैकबुक, 30 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड,5 आधार कार्ड, पैन कार्ड बरामद किए हैं। इस संबंध में अन्य राज्यों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। एसएसपी एसटीएफ ने लोगों से साईबर अपराधियों से सावधान रहे। जानकारी मिलने पर निकटतम पुलिस स्टेशन को सूचना दें। एसटीएफ के मुताबिक अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह बड़े पैमाने बिहार राज्य के सीधे सादे लोगो को जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही थी को रोजगार के नाम पर दिल्ली बुलाकर उनके नामों पर विभिन्न बैको में खाते खुलवाकर सैलरी आने का झाँसा दिया जाता था। बाद में बैंक खातो में पंजीकृत मोबाईल नम्बरो, एटीएम कार्ड व बैकिग किट को अपने पास रखकर एटीएम से कैश विड्राल, यूपीआई व अन्य आनलाईन व मोबाईल बैंकिंग के माध्यम से साईबर धोखाधडी को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस टीम में यह अधिकारी निरीक्षक, विवेचक शरद चौधरी,महिला एसआई वन्दना चौधरी, एएसआई सतेन्द्र गंगोला,हेड कांस्टेबल सोनू पाण्डे,मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

# किसानों को ग्रीष्मकालीन मक्का बीज उपलब्ध हो, इसको लेकर सीड्स प्लांट संचालकों के साथ बैठक

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

किसानों को समय से ग्रीष्मकालीन मक्का बीज उपलब्धता को लेकर एडीएम कौस्तुभ मिश्र ने जिला सभागार में सीड्स प्लांट संचालकों व मक्का खरीद करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। ग्रीष्मकालिन धान के विकल्प के रूप में ग्रीष्मकालीन मक्के की फसल को ब?ावा देने के लिए कृषकों को समय से अच्छी गुणवत्ता व आवश्यकतानुसार बीज उपलब्ध कराना व कृषकों का समय से मक्का फसल की खरीदारी को यह सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होने किसानों को अच्छी गुणवत्ता का बीज उपलब्ध होगा तो पैदावार भी अधिक होगी। उन्होंने कहा कि मक्का बीज की कालाबजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायी लायेगी। उन्होने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में संचालित जन जन की सरकार-जन जन के द्वार

**चेतावनी**

- एडीएम की मक्का बीज की कालाबजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी

कार्यक्रम, किसान दिवस, कृषक गोष्ठियों के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होने कहा कि मक्के की फसल की कटाई के समय मक्का के उत्पाद में अधिक नमी की समस्या के निराकरण के लिए जनपद में ड्रायर की सुविधा उपलब्ध कराये जाने व मक्का की फसल कटाई के प्रयोग में लाये जाने वाले कृषि यंत्रों पर कृषकों को अनुदान पर उपलब्ध कराये जाने के प्रयास किये जायेगें। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ वीकेएम यादव, मक्का बीज विक्रय कम्पनी-कॉर्टिवा एग्रीसाइंस सीड्स, बायर क्राप साइंस लि, नुजिवीडू एवं एडवांट तथा मक्का उत्पाद क्रय कम्पनी समेत अन्य मौजूद थे।

# भाजपा विधायक अरोरा समेत 9 लोगों को कोर्ट से सम्मन जारी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

किच्छा रोड चंद्रदेव मंदिर पर कब्जे को लेकर हुई मारपीट का मामला सिविल जज गुंजन सिंह की अदालत में पहुंच गया है। अदालत ने रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा समेत नौ लोगों को सम्मन जारी कर 23 जनवरी को अदालत में पेश होने के आदेश दिए हैं। पहाड़गंज क्षेत्र निवासी

केपी गंगवार इस मामले को लेकर अदालत पहुंचे। उन्होंने अदालत को बताया कि मंदिर का मामला पहले से सिविल जज की अदालत में विचाराधीन है। न्यायालय ने चार अक्तूबर तक भूखंड या उसमें बने मंदिर पर कब्जा करने से रोके जाने के स्टे ऑर्डर दिए हैं। नियम 26 जनवरी तक प्रभारी है। अदालत ने पूर्व में विपक्षीगणों, उनके रिश्तेदारों को कब्जे वाली जगह पर जाने पर प्रतिबंधित किया था। उन्होंने अदालत को बताया कि राजनीतिक प्रभार में कुछ लोग मंदिर पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। 21 दिसंबर को कब्जा करने वालों ने उनकी पत्नी व मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट की।

आरोप लगाया कि विधायक के सामने ये सब हुआ। उनका आरोप है कि कुछ लोगों से राजनीतिक लोगों की नजदीकियां हैं। बुधवार को इस मामले में सिविल जज ने विधायक समेत नौ लोगों को सम्मन जारी कर अदालत में पेश होने को कहा है।

### मारपीट की जांच रंपुरा चौकी इंचार्ज को सौंपी

सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस ने मारपीट के मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को केपी गंगवार ने कोतवाली में विधायक समेत नौ के खिलाफ तहरीर सौंपी थी। सीओ सिटी ने जांच रंपुरा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा के सौंप दी गई है।

## फिल्मी दुनिया

# क्रिसमस पर अक्षय कुमार ने दिया फैंस को तोहफा



*आज यानी 25 दिसंबर को हर कोई क्रिसमस फेस्टिवल मना रहा है। इस मौके पर लोग अपने-अपने अंदाज में क्रिसमस की शुभकामनाएं भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में सुपरस्टार अक्षय कुमार ने भी अपने फैंस को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही अक्षय ने फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है। ये सरप्राइज उनकी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से जुड़ा हुआ है। अक्षय ने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। अपनी पोस्ट में अक्षय ने लिखा, 'वेलकम टू द जंगल की पूरी कास्ट की तरफ से आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं। फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में आ रही है। मैं कभी इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं रहा। हममें से कोई भी नहीं। हम आपको अपना तोहफा देने के लिए बेताब हैं। शूटिंग पूरी हो गई। शाबाश, दोस्तों! इसे साकार करने में शामिल सभी लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा। हमारी तरफ से आप सभी को 2026 के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।*


### फिल्म की कास्ट की दिखी झलक

*इसके साथ ही अक्षय ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो में 'वेलकम टू द जंगल' की पूरी कास्ट नजर आ रही है। जाहिर है कि इस फिल्म में अब तक की सबसे बड़ी कास्ट नजर आ रही है, जिसमें कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं। अक्षय के इस वीडियो में उनके अलावा सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, आफताब शिवदसानी, जैकलीन फर्नांडीज, जॉनी लीवर, पुनीत इस्सर, दिशा पाटनी समेत कई और एक्टर्स भी नजर आ रहे हैं। सबसे खास बात कि फिल्म में अक्षय कुमार का एक बिल्कुल ही अलग लुक नजर आ रहा है। जिसमें वो ग्रे कलर के बड़े बाल और बड़ी दाढ़ी में दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी चरम पर पहुंच गया है।*

# हाईकोर्ट में फायर सीजन में जंगलों में आग लगने वाले मामले की सुनवाई होगी अब 9 जनवरी को

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाइकोर्ट ने फ ायर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली दायर कई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई हेतु 9 जनवरी 2026 (शुक्रवार) की तिथि नियत की है।



कोर्ट ने पीसीएफ हॉफ से कहा है कि 9 जनवरी तक रिपोर्ट पेश करें ,मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार उत्तराखंड के जंगलों में लगने वाली आग को लेकर कोर्ट द्वारा नियुक्त न्यायमित्र मैनाली की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि कोर्ट 2021 से राज्य सरकार को वनों को आग से बचाने के लिए दिशा निर्देश जारी करती आ रही है। लेकिन अभी तक धरातल पर कुछ भी नही हुआ। फायर सीजन में प्रदेश के जंगल आग उगलते है। अभी तक पूर्व का आदेश का अनुपालन नही हुआ है अगर पूर्व में जारी आदेशो का अनुपालन किया गया होता तो 2021 से अब तक फायर की घटनाओ में कमी आती। कोर्ट ने 2021 में मुखय समाचार पत्रों में प्रकाशित आग की खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया था। वहीं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी इसपर काबू पाने के लिए मुखय न्यायधीश को पत्र भेजा था जिसमें कहा था कि वनों व वन्यजीव व पर्यावरण को बचाने के लिए उच्च न्यायालय राज्य सरकार को दिशा निर्देश जारी करें।

## News कॉर्नर

### बहुउद्देशीय शिविर में 597 फरियादी पहुंचे

शक्तिफार्म। ग्राम बैकुंठपुर में बुधवार को आयोजित बहुद्देशीय शिविर में 597 लोगों ने योजनाओं का लाभ लिया। इस दौरान सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दीं। शिविर में 437 लोगो का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी गई। समाज कल्याण विभाग ने विधवा और वृद्धावस्था पेंशन के 88, गन्ना विभाग के 15, आयुर्वेद एवं यूनानी में 46, आधार अपडेशन एवं नए कार्ड 49, यूसीसी में 12 पंजीकरण, 17 आयुष्मान कार्ड, 4 परिवार रजिस्टर नकल, 14 जन्म मृत्यु पंजीकरण /परिवार रजिस्टर प्रमाणपत्र तथा 6 दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए। इनके अलावा कई लाभार्थियों को भी योजनाओं का लाभ दिलाया गया। यहां समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, तहसीलदार हिमांशु जोशी, गोविंद तालुकदार आदि थे।

### काशीपुर में क्रिसमस-नववर्ष पर काशीपुर में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

काशीपुर। शहर में क्रिसमस-डे एवं नववर्ष के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था 24, 25 और 31 दिसंबर के साथ-साथ नववर्ष के दिन भी प्रभावी रहेगी। एसपी/सीओ दीपक सिंह व निरीक्षक यातायात नीरज कुमार ने बताया कि यातायात को नियंत्रित करने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही इंटरसेप्टर वाहन, जंबो और हॉक मोबाइल के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जा सके।

# राबाइका चोरगालिया के प्रथम वार्षिकोत्सव सृजन में रही लोक संस्कृति की धूम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया का प्रथम वार्षिउत्सव सृजन बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव संयोजक तनुजा जोशी प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के कुशल निर्देशन में, सांसद लोक सभा क्षेत्र नैनीताल और उधम सिंह नगर के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल गोविंद राम जयसवाल के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समस्त विद्यालय में उत्तराखंड लोक संस्कृति की झलक देखी गयी. लोक संस्कृति दिवस पर आयोजित वार्षिकोत्सव में समस्त शिक्षिकाएं उत्तराखंड के पारम्परिक परिधान में




अनोखी छटा बिखेर रही थी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजूलता प्रवक्ता अंग्रेजी एवं डॉ अमिता जोशी सहायक अध्यापिका गृह विज्ञान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की वंदना की गई। कुमाऊनी संस्कृति का परिचय देते हुए कुमाऊनी लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। देश के विकास की झलक इंक्रेडिबल इंडिया माईम शो से दी गई। नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक और पर्यावरण प्रदूषण पर नाटक की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा की गई। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कव्वाली तथा वंदे मातरम पर नृत्य प्रस्तुति ने देश प्रेम की भावना से समस्त दर्शकों का हृदय जीत लिया।

प्रधानाचार्य तनुजा जोशी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के विकास ,उपलब्धियों और संभावनाओं को तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत करते हुए समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि अजय भट्ट ने अपने अभिभाषण में विद्यालय की स्थापना से अब तक प्रथम बार वार्षिकोत्सव आयोजन पर प्रधानाचार्या तनुजा जोशी को बधाई दी। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा की बालिकाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही है।उन्होंने क्षेत्र के विकास के संदर्भ में सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। पंतनगर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, हल्द्वानी दिल्ली व हल्द्वानी देहरादून के लिए बन रही ग्रीन रोड परियोजना की जानकारी भी प्रदान की। ग्रामीण अंचल में होने वाले पलायन से संबंधित चिंता भी व्यक्त की। बालिकाओं को अपनी संस्कृति अपनी भाषा से जुड़ने और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रफानाचार्या तनुजा जोशी द्वारा विद्यालय की बताई आवश्यकता को देखते हुए पांच लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और विद्यालय के द्वारा कराये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रदर्शित नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए नशा मुक्त प्रदेश बनाने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा प्रथम बार वार्षिकोत्सव आयोजित करने के प्रयासों के लिए उत्साह वर्धन किया। उन्होंने आह्वान किया कि सृजन 2025 अनवरत चलता रहे व नित नई सफलताओं को प्राप्त करें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गीत से किया गया।

# अंकिता को न्याय दिलाने की मांग, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर अंकिता भंडारी हत्याकांड में पीड़िता को न्याय दिलाने और मामले में शामिल वीआईपी का नाम उजागर करने की मांग को लेकर रानीखेत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर सरकार का पुतला फूंका।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि न्याय मिलने तक कांग्रेस सड़क पर संघर्ष जारी रखेगी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का बेटी बचाओ‌बेटी पढ़ाओ केवल दिखावा रह गया है। कहा कि इस जघन्य हत्याकांड के सभी दोषियों चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वहां नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, प्रीति पंत, कुलदीप कुमार, भगवंत नेगी, अगस्त लाल साह, त्रिभुवन शर्मा,



दीपक पंत, सोनू सिद्दीकी, उमेश पंत, सुरेंद्र कुवार्बी, बिट्टू जोशी आदि मौजूद रहे।

**सुरेश राठौर का सनावर और कांग्रेस पर सीधा हमला:** हरिद्वार प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर ने अभिनेत्री उर्मिला सनावर और कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। राठौर ने कहा कि उर्मिला सनावर खुद को उनकी पत्नी बताकर सोशल मीडिया के जरिए उनकी सामाजिक और राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि सनावर के पास कोई वैधानिक दावा है तो उसे अदालत में साबित करे, न कि सार्वजनिक मंचों पर बयानबाजी कर उन्हें बदनाम करे।

# गौलापार क्षेत्र में सिंचाई कर रहे व्यक्ति की करंट लगने से मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक व्यक्तिं सिंचाई कर रहा अपने खेत में सिंचाई कर रहा था तभी अचानक खेत में करंट फेल गया। इसी के चलते वह कारण की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

गौलापार के सीतापुर निवासी 57 वर्षीय दया किशन पांडे अपने घर के पास स्थित खेत में सिंचाई कर रहा था। सिंचाई के दौरान जब उसने मेड़ पर फावड़ा चलाया, तभी पास के बिजली के खंभे से पानी में करंट उतर आया। पानी के संपर्क में होने के कारण दया किशन बुरी तरह झुलस गए और अचेत होकर वहीं गिर पड़ा।

जब आधे घंटे तक दया किशन घर नहीं लौटे, तो परिजन उन्हें ढूंढते हुए खेत पर पहुँचे। उन्हें बेहोश देख ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुँचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

इस घटना में ऊर्जा निगम की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि हादसे की सूचना देने के एक घंटे बाद बिजली की सप्लाई काटी गई। जब विभाग की टीम मौके पर पहुँची, तब भी खेत में करंट दौड़ रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते बिजली काट दी जाती, तो शायद किसान की जान बच सकती थी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है ग्रामीण ऑन में काफी आक्रोश पनप रहा है

# खुले में बहता सीवर ठीक करने की मांग की तो पड़ोसी ने पति पत्नी को पीटा, कोतवाली पहुंचा मामला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल चार्टन लॉज क्षेत्र में खुले में बहते सीवर की शिकायत करने पर पड़ोसी ने पति-पत्नी को पीट दिया। लोगों ने बीच बचाव किसी तरह मामला शांत करवाया। पुलिस ने मारपीट करने वाले पक्ष पर चालानी कार्रवाई की है।

मामले में कोतवाली में कमल जाटव ने तहरीर देकर कहा था कि पड़ोस में रहने वाले राहुल पवार का लंबे समय से सीवर खुले में बह रहा है। उनके घर के मुखय दरवाजे के सामने से सीवर बहने से गंदगी भीतर आ रही थी। बुधवार सुबह जब उन्होंने पड़ोसी से सीवर ठीक कराने को कहा तो उसके व पत्नी के साथ मारपीट की गई। राहुल ने पत्नी के कपड़े खींच कर उसे धकेलते हुए जमीन में गिरा दिया। जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करवा दिया। शिकायत पर पुलिस ने राहुल पवार को कोतवाली बुलाया तो वह दूसरे पक्ष पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगा। इस बीच कोतवाली में भी दोनों पक्षों में जमकर हंगामा हुआ। कोतवाली के एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मारपीट करने वाले राहुल पवार के खिलाफ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की गई है।

## हल्द्वानी जाते कूड़ा वाहनों से सड़कों पर गिर रहा कूड़ा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे पालिका के वाहनों से लगातार सड़क पर कूड़ा व कचरा गिर रहा है। लोगों की शिकायत के बाद भी पालिका की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिसको लेकर क्षेत्र पंतायत सदस्य की ओर से कूड़ा वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। बेलुवाखान क्षेत्र की क्षेत्र पंचायत सदस्य कमला जोशी ने बताया कि पालिका से पत्राचार कर सड़कपर कूड़ा फैलाने वो कूड़ा वाहनों के चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे वाहन ठेकेदार के हैं। अगर वाहन चालकों की ओर से ले जा रहे वाहनों से कूड़ा गिर रहा है तो इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएं।

## डामर उखड़ने से सड़क पर पड़े गड्ढे

**नैनीताल** । नैनीताल काठगोदाम रोड पर ताकुला के समीप हुआ पैच कार्य उखड़ने लगा है। डामर उखड़ने से सड़क पर गड्ढे बन गए हैं और बिखरी रेता लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है।

मामले में एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि ठंड के चलते पैच उखड़ रहे हैं। जल्द ही पैच दोबार भर दिए जाएंगे।

# स्टार नाइट कार्यक्रम में हुए बवाल के बाद पुलिस अलर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**सख्ती**

● बेरिकेडिंग बढ़ाई, प्राइवेट बाउंसरों ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था

नैनीताल में मंगलवार की रात में विंटर कार्निवाल के स्टार नाइट कार्यक्रम के दौरान हुए बवाल के बाद पुलिस और आयोजक संस्था की नींद खुल गई है। सुबह से ही आयोजन स्थल पर बेरिकेडिंग तथा एंट्री गेट की लोकेशन में बदलाव जैसे कार्य किये गए हैं वहीं प्राइवेट बाउंसर सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए। बता दें कि शहर में मंगलवार की रात आयोजित विंटर कार्निवाल के स्टार नाइट कार्यक्रम में प्रमिश वर्मा की प्रस्तुति के दौरान बवाल हो गया था। भारी संखया में लोग स्टेज पर चढ़ गए। भीड़ वीआईपी और वीवीआइपी एरिया तक घुसी तो कुमाऊं आयुक्त व डीएम को भी निकलना पड़ा। इस दौरान कुछ देर कार्यक्रम भी रोकना पड़ा था। बवाल के बाद आखिरकार प्रशासन, पुलिस और आयोजक नींद से जागे। एडीएम विवेक रॉय, एसडीएम नवाजिश खलीक तथा जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी आयोजकों के साथ व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हुए हैं। आयोजक संस्था की ओर से 40 बाउंसर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किए गए हैं। एडीएम ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेरिकेडिंग बढ़ाने के साथ ही एंट्री गेटों की लोकेशन में बदलाव किया जा रहा है। बेरिकेडिंग के बीच प्राइवेट बाउंसर के साथ ही पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

# चंपावत में धूमधाम से मनाई गई बडोनी की जयंती

लोहाघाट

हमारे संवाददाता

राजकीय जूनियर हाईस्कूल फोर्ती में लोक संस्कृति दिवस पर उत्तराखंड के गांधी इंद्रमणि बडोनी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह मेहता ने स्व. बडोनी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उन्होंने बच्चों को उत्तराखंड राज्य निर्माण में उनके योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर बालिकाओं ने लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए। नृत्य में माही पुनेठा, पाश्वी और निकिता, मीना, दिव्या और प्रांजल की प्रस्तुति सराही गई। शीतावकाश पूर्व अंतिम कार्य दिवस



पर क्रिसमस और नववर्ष के लिए ग्रीटिंग निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें हिमानी उपाध्याय प्रथम, पाश्वी सुतेड़ी द्वितीय और निशा बगौली तृतीय रहीं। चित्रा भट्ट को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आयोजन में इंद्रा आर्या, ओमप्रकाश बगौली व रश्मि उपाध्याय निर्णायक रहे।